**Date**: September 07, 2026

To,
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza,
Bandra Kurla Complex
Bandra East, Mumbai – 400051
**Symbol: "DPABHUSHAN"**

To,
**BSE Limited,**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001
**BSE SCRIP Code – "544161"**

Dear Sir/Ma'am,

**Sub.:** Publication of Notice of 9th Annual General Meeting – Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations").

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has published the Notice of 9th Annual General Meeting in the following newspapers viz.-

1. English Newspaper: Financial Express (English) on September 04, 2026

2. Hindi Newspaper: Chautha Sansar (Hindi) on September 04, 2026

Please find enclosed herewith copies of the aforesaid publications and take the same on record.

Thanking You,

Yours faithfully,

For **D. P. Abhushan Limited**
SANTOSH KATARIA
Digitally signed by SANTOSH KATARIA
Date: 2026.09.07 15:14:34 +05'30'
D. P. Abhushan Limited DP

**Santosh Kataria**
**Chairman and Managing Director**
**DIN: 02855068**

**Encls**: As above

एक नजर

## अपार्टमेंट के दो फ्लैट्स में चोरी

### बाकी मकानों के दरवाजे बाहर से बंद किए

**भोपाल।** भोपाल में गुरुवार तड़के नकाबपोश बदमाशों ने एक अपार्टमेंट को निशाना बनाया। गुरुवार तड़के करीब 4 बजे पांच बदमाश स्कोडा कार से त्रिलंगा स्थित स्वप्निल अपार्टमेंट पहुंचे और पूरी बिल्डिंग में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पहले अपार्टमेंट के कई फ्लैटों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। इसके बाद दो फ्लैटों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। बदमाश स्कोडा कार से वारदात को अंदाज देने पहुंचे थे। पूरी घटना अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में बदमाशों की गतिविधियां कैद हुई हैं। बदमाश वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। उनके जाने के बाद अपार्टमेंट के रहवासियों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। शाहपुरा थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना शाहपुरा थाना क्षेत्र की है।

## दो मल्टीलेवल पार्किंग में अब फॉस्टैग

भोपाल। भोपाल शहर की दो मल्टी लेवल पार्किंग में अब आप फॉस्टैग के जरिए भी शुल्क दे सकेंगे। इसके अलावा यूपीआई एवं मोबाइल एप आधारित डिजिटल पार्किंग व्यवस्था भी रहेगी। इसी साल 9 जुलाई से शहर की 5 मल्टी लेवल पार्किंग्स में कैशलेस पार्किंग की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था के तहत पार्किंग स्थलों के प्रवेश द्वार पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकगनेशन (एएनपीआर) कैमरा वाहन की नंबर प्लेट को स्वतः पहचानकर फॉस्टैग रीडर के माध्यम से वाहन के प्रवेश को डिजिटल रूप में दर्ज करता है। इसके बाद पार्किंग रिकॉर्ड स्वतः जनरेट हो जाता है। इसी तरह वाहन के पार्किंग स्थल के बाहर निकलते समय एएनपीआर कैमरा और फॉस्टैग आधारित सिस्टम से वाहन की पहचान की जाती है और निर्धारित पार्किंग शुल्क फॉस्टैग के माध्यम से डिजिटली संधारित किया जाता है। इस तरह भुगतान प्रक्रिया पू र्ण होने पर वाहन बिना आवश्यक मैन्यूअल पार्किंग स्थल से बाहर निकलते हैं। दोनों मल्टीलेवल पार्किंग में यह नया सिस्टम लगाया गया है। नई व्यवस्था से जल्दी आ-जा सकेंगे वाहन नई व्यवस्था से पार्किंग स्थल पर आने वाले वाहन के प्रवेश एवं निकास की प्रक्रिया अधिक तेज और सुव्यवस्थित होती है और नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। पार्किंग स्थलों पर फॉस्टैग के माध्यम से भुगतान को प्राथमिकता दी जा रही है। यदि किसी कार ण से किसी वाहन में फॉस्ट टैग कार्य नहीं करता तो वाहन चालक के लिए क्यूआर कोड एवं यूपीआई आधारित भुगतान की वैकल्पिक सुविधा भी उपलब्ध है। उपरोक्त स्थितियों के अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर नकद भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है।

## चार दिन की रिमांड पर फर्जी आईएएस तृप्ति और उसका भाई

भोपाल। भोपाल में खुद को ट्रेनी आईएएस और मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग की एडिशनल डायरेक्टर बताकर ठगी करने के आरोपों में घिरी तृप्ति सिंह राजपूत और उसके भाई सुधांशु सिंह को बागसेवनिया पुलिस गुरुवार को चंदेरी से प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लेकर पहुंची।
दोनों का मेडिकल परीक्ष ण कराने के बाद पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने होटल-रिसॉर्ट लीज दिलाने के नाम पर हुई कथित ठगी के मामले में दोनों की 5 दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी। फर्जी आईएएस और उसके भाई की सात सितंबर तक कुल चार दिन की रिमांड मंजूर की गई। पुलिस अब आरोपियों से ठगी की रकम, फर्जी दस्तावेज, बैंक खातों और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों को लेकर पूछताछ करेगी।
तृप्ति और सुधांशु फिलहाल अशोकनगर जिले के चंदेरी में दर्ज मामले में गिरफ्तार हैं। चंदेरी पुलिस ने दोनों को फर्जी आईएएस बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर 9 लाख 80 हजार रुपए की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि तृप्ति खुद को एमपी टूरिज्म की एडिशनल डायरेक्टर और उसका भाई केंद्र सरकार के मानव संसाधन विभाग से जुड़ा अधिकारी बताता था। इसी पहचान के जरिए नौकरी लगवाने का झांसा देकर रकम ली गई थी।
तृप्ति के खिलाफ भोपाल में दो मामले दर्ज तृप्ति के खिलाफ बागसेवनिया थाने में अब दो मामले दर्ज हैं। पहले मामले में बालाघाट निवासी रोहित लिल्हारे की शिकायत पर तृप्ति, उसके भाई सुधांशु, प्रखर सिंह और अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

### भोपाल में सीलिंग की कार्रवाई पर मंत्री विजयवर्गीय का बड़ा बयान

# जल्द होगा जारी भोपाल का मास्टर प्लान

### सरकार नुकसान नहीं होने देगी, मिल सकती है राहत

**भोपाल। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भोपाल में सीलिंग की कार्रवाई चल रही है। इस कार्रवाई की वजह से लाखों लोगों की रोजी रोटी पर संकट है। सीलिंग के विरोध में लगातार व्यापारी प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे लेकर नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा बयान आया है।**

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इससे शहर के व्यापारी परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के सभी बड़े अधिकारी फिलहाल दिल्ली में हैं और वकीलों तथा विधि विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाला जाएगा। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर भी चर्चा चल रही है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

सिर्फ भोपाल में चल रही कार्रवाई

नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एमपी में सीलिंग का कोई विषय नहीं है, सिर्फ भोपाल में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई चल रही है। इसलिए यहां विरोध है। इसे लेकर सरकार बहुत चिंतित है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा विभाग अभी दिल्ली में है।



### वकीलों के साथ कर रहे हैं चर्चा

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे विभाग के अधिकारी आज भी दिल्ली में उच्चतम श्रेणी के वकीलों के साथ बैठकर मीटिंग कर रहे हैं। हम बीच की राह निकालेंगे और भोपाल वासियों को कोई नुकसान नहीं हो। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग के सभी बड़े अधिकारी फिलहाल दिल्ली में हैं। वहां वरिष्ठ वकीलों और विधि विशेषज्ञों के साथ चर्चा की जाएगी और इस मामले में कोई न कोई रास्ता निकाला जाएगा।

मंत्री विजयवर्गीय ने भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान को लेकर चर्चा जारी है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। सीलिंग कार्रवाई के बीच सरकार के स्तर पर मास्टर प्लान को लेकर होने वाली चर्चा को अहम माना जा रहा है।

### 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान

कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर कहा कि यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा और मध्य प्रदेश में भी इसे व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बूथ स्तर पर कम से कम 100 दीप जलाने का प्रयास है। बारिश के मौसम को देखते हुए मिट्टी के दीयों में परेशानी होने पर अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

### राहुल के दौरे पर कांग्रेस पर हमला

राहुल गांधी के दौरे में बदलाव को लेकर कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम केवल भाजपा पर आरोप लगाना है। जिस स्टेडियम की मांग कांग्रेस कर रही है, वहां राजनीतिक रैलियों पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। जरूरत होने पर कांग्रेस हाई कोर्ट जा सकती है।

### राम मंदिर मुद्दे पर अखिलेश को घेरा

राम मंदिर में विशेष कर्तव्य अधिकारी बदले जाने को लेकर अखिलेश यादव के बयान पर विजयवर्गीय ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को राम मंदिर पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। विजयवर्गीय ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी राम मंदिर के विरोध में रही और राम भक्तों पर गोली चलाने का काम उसकी सरकार में हुआ था।

## हजारों जेन जेड बहनों ने बांधे मंत्री सारंग को रक्षासूत्र

**भोपाल। सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को गुरुवार को वार्ड क्रमांक 59 एवं 76 में आयोजित विश्व के सबसे बड़े नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के तीसरे दिन 29 हजार 179 बहनों ने राखी बांधी।**

कार्यक्रम स्थल आगमन पर स्थानीय नागरिकों व कार्यकताओं द्वारा मंत्री सारंग का भव्य स्वागत किया। मंत्री सारंग ने भी कार्यक्रम में पधारीं बहनों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 59 की हजारों जेन जेड बहनों ने भी मंत्री विश्वास सारंग को रक्षासूत्र बांधकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में पधारीं प्रत्येक बहन से मंत्री श्री सारंग ने राखी बंधवाई और उनका आशीर्वाद लिया। मंत्री सारंग ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं बल्कि भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नरेला रक्षाबंधन महोत्सव इसी आत्मीय रिश्ते का जीवंत उत्सव है। आगे उन्होंने कहा कि भाई-बहन का यह रिश्ता जिंदगी भर कायम रहेगा।

नरेला रक्षाबंधन महोत्सव के तीसरे दिन वार्ड क्रमांक 59 में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जेन जी यानी युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाली बहनों ने मंत्री श्री विश्वास सारंग को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। मंत्री सारंग ने कहा कि वर्ष 2009 से प्रारंभ हुआ रक्षाबंधन महोत्सव बहनों के अटूट स्नेह और विश्वास से अविराम जारी है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा नहीं बल्कि नरेला परिवार है। इस परिवार की बहनों ने जिस विश्वास और स्नेह से उन्हें अपना भाई माना है, वह मेरे लिए सबसे बड़ी पूंजी है। भाई-बहन का यह रिश्ता जिंदगी भर कायम रहेगा।

## फंदा टोल प्लाजा पर बैरियर-लेस सिस्टम लागू

### भोपाल-देवास रोड पर बिना रुके गुजर सकेंगे वाहन

**भोपाल।** भोपाल-देवास रोड के फंदा टोल प्लाजा पर बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम का ट्रायल शुरू हो गया है। इस व्यवस्था के तहत वाहन बिना रुके टोल प्लाजा पार कर सकेंगे। दावा है कि वाहन करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी लेन से गुजर सकता है।

फिलहाल मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम फंदा टोल की एक लेन में ट्रायल शुरू किया है। परीक्षण सफल रहने पर 1 जनवरी 2027 से तीनों टोल प्लाजा की सभी लेनों में इस तकनीक को लागू करने की योजना है।

### टोल लेन में नहीं लगेगा बूम बैरियर

नई व्यवस्था में टोल लेन पर पारंपरिक बूम बैरियर नहीं लगाया जाएगा। वाहन चालकों को टोल कर्मचारी के पास रुकने या बैरियर खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सिस्टम में रीडर, कैमरे और सेंसर लगाए गए हैं। वाहन के टोल लेन से गुजरते ही तकनीक की मदद से उसकी पहचान करेगी। कैमरे और सेंसर वाहन का नंबर और उसकी कैटेगरी की जानकारी जुटाएंगे। इसके आधार पर निर्धारित टोल राशि से स्वतः काट ली जाएगी।वाहन के फास्टटैग में पर्याप्त बैलेंस नहीं है या तकनीकी कारणों से तत्काल टोल राशि नहीं कट पाती है, तो वाहन मालिक को ई-चालान के जरिए टोल भुगतान की सूचना दी जाएगी। वाहन मालिक को निर्धारित समय पर बैरियर-लेस टोलिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। इससे टोल लेन में वाहनों की आवाजाही तेज होगी और जाम की स्थिति कम होने की उम्मीद है। वाहनों को बार-बार ब्रेक लगाने और फिर रफ्तार बढ़ाने की जरूरत कम होने से ईंधन की खपत में भी कमी आ सकती है। इसके अलावा टोल संचालन में मैनुअल हस्तक्षेप कम होने से व्यवस्था की परिचालन लागत घटने की संभावना है।

## रक्षाबंधन आयोजन में बहनों ने बांधी राखी, भाई-बहन के स्नेह से भावविभोर हुआ माहौल



**आष्टा, (निप्र)।** रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। रक्षाबंधन से लेकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक पर्व की इस विशेष परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी द्वारा रक्षाबंधन आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बहनों ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं नेताओं को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया तथा आशीर्वाद दिया। राखी बंधवाते समय नेताओं ने भी बहनों की सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, विशाल चौरसिया, सौरभ जैन शीतल, दीपक मोदी, आशीष मेहता, महेंद्र विश्वकर्मा, सुमित खत्री सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में बहनों की मौजूदगी और राखी बांधने के दौरान बना आत्मीय वातावरण सभी को भावविभोर कर गया। कार्यक्रम में भाई-बहन के प्रेम, अपनत्व और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा पवित्र पर्व है।

## प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा में नियुक्तियां

भोपाल,(निप्र)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद मध्यप्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने संगठन में नई नियुक्तियों की घोष णा की है। इसके तहत विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों और जिला महामंत्रियों के नाम जारी किए गए हैं।
पार्टी की ओर से जारी सूची में जिला स्तर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारियों के नाम घोषित किए गए हैं। इन नियुक्तियों के साथ संगठन को जिला स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। भाजपा संगठन की ओर से जारी घोष णा के अनुसार, संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने जिलों में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और संगठनात्मक कार्यों को गति देने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**PRAKASH SAMARTI SEWA SANSTHAN**
Regd.Office : "SAMIDHA", 14 Ravindra Nagar, Khargone (M.P.)

**NOTICE** is hereby given that the Annual General Meeting of the Members of the **Company**, will be held at the Registered Office of the **Company** at "SAMIDHA" 14 Ravindra Nagar Khargone (M.P.) 451001 on Saturday the 19th day of " September 2026 at 04:00 PM. To Transact the Business as Contained in the Notice of the meeting of the being mailed to all members.
Place: Khargone
Dated: 02 September 2026
FOR, **PRAKASH SAMARTI SEWA SANSTHAN**
RAJENDRA KUMAR MAHAJAN
CHAIRMAN

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम पहले **INSHIYA LOKHANDWALA (इंशिया लोखंडवाला)** था। जो अब परिवर्तित होकर **INSIYA LOKHANDWALA (इंसिया लोखंडवाला)** हो गया है अतः मेरी पुत्री को **INSIYA LOKHANDWALA (इंसिया लोखंडवाला)** के नाम से जाना व पहचाना जावें।
**ज़ैनब लोखण्डवाला**
फ्लेट नं. 102, क्रिस्टल 51, शिवालय, बिजलपुर, इंदौर

**अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड**
ArihantCapital Generating Wealth
CIN:L66120MP1992PLC007182
**पंजीकृत कार्यालय**: 603, अटलांटिस टॉवर, प्लॉट नं. 13-ए, स्कीम नं. 78, विजय नगर, इंदौर-452010 (म.प्र.)
फोन: 0731-4217200
ई-मेल: contactus@arihantcapital.com
वेबसाइट: www.arihantcapital.com

**34वीं वार्षिक साधारण सभा की सूचना के संबंध में संशोधन**

यह सूचना अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड ("कंपनी") की **34वीं वार्षिक साधारण सभा ("AGM")** के संबंध में है, जो **शनिवार, 26 सितंबर, 2026 को प्रातः 11:30 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC")/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("OAVM") से आयोजित की जानी है।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण सभा की पूर्व में जारी सूचना/वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 32 एवं 33 पर दिए गए Annexure C & D में अनजाने में प्रिंटिंग संबंधी त्रुटि रह गई थी। उक्त त्रुटि को ठीक करते हुए कंपनी द्वारा 34वीं वार्षिक साधारण सभा की संशोधित सूचना (Revised Notice) जारी की गई है।
अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे पूर्व में भेजी गई सूचना के स्थान पर संशोधित AGM Notice को ही देखें एवं उसी के अनुसार वार्षिक साधारण सभा से संबंधित जानकारी को पढ़ें।
संशोधित AGM Notice कंपनी की वेबसाइट **www.arihantcapital.com,** BSE Limited की वेबसाइट **www.bseindia.com,** National Stock Exchange of India Limited की वेबसाइट **www.nseindia.com** तथा NSDL की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध है।
उपरोक्त सुधार के अतिरिक्त AGM की तिथि, समय, कार्यसूची अथवा सूचना में अन्य किसी विवरण में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त सूचना का संज्ञान लें तथा 34वीं वार्षिक साधारण सभा के लिए संशोधित सूचना का संदर्भ लें।
**अरिहंत केपिटल मार्केट्स लिमिटेड**
Sd/-
**महेश पंचोली (कंपनी सचिव)**
**सदस्यता संख्या: F 7143**
**स्थान:** इंदौर
**दिनांक:** 03.09.2026

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**
क्रमांक/INDAL0920260066 **विज्ञप्ति** दिनांक: 03.09.2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा **ग्राम-नैनोद, तहसील मल्हारगंज, जिला इन्दौर** में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखण्डों का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | भूमिस्वामी **Accession Buildwell Private Limited** तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **श्री शशांक जैन पिता श्री सतीश चंद जैन** तर्फे विकासकर्ता **एमार इंडिया लिमिटेड** तर्फे अधिकृत **श्री शशांक जैन पिता श्री सतीश चंद जैन** पता: 306-308, स्क्वेयर 01, सी-2, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली कॉलोनी का नाम **"SAVANA AT INDORE GREEN PHASE-2"** | ग्राम नैनोद, तहसील मल्हारगंज, जिला इन्दौर स्थित भूमि खसरा नंबर 267/1/1 रकबा 6.022 हैक्टेयर में से 1.871666 हैक्टेयर पर | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी7आईजीआर17542026 ए100932383 इंदौर, दिनांक 28.07.2026 से भूखण्ड क्र. P-34 से P-37 तक, P-39 से P-44 तक, P-48 से P-49 तक P-51 से P-56 तक इस प्रकार कुल 18 भूखंड जिनका कुल क्षेत्रफल 3329.65 वर्गमीटर भूमि है, बंधक रखे गये हैं। |

उपरोक्त कॉलम नंबर-4 में उल्लेखित 18 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडों का क्रय-विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
**(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित)**
**अपर कलेक्टर**
**जिला-इंदौर (म.प्र.)**

**BERYL DRUGS LIMITED**
CIN : L02423MP1993PLC007840
**Regd. Office :** 29, Neer Nagar, Mayank Water Park Road, Bicholi, Indore- 452016 (M.P.) Contact: (0731) - 2517677, E-mail : beryldrugs25@yahoo.com

**NOTICE OF 33rd ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

**Annual General Meeting : Notice** hereby given that the **33rd Annual General Meeting (AGM)** of members of **Beryl Drugs Limited** will be will be held on **Tuesday, 29th September, 2026 at 11:00 A.M.** at **Kanchan Palace, Community Hall, Nipania Ring Road, Indore (M.P.)** to transact the business as set out in the notice of the meeting, which has already been dispatched/ mailed on 3rd September, 2026 to the members along with the Annual Report for the financial year ended March 31, 2026 at their registered addresses/ email addresses.
**Book Closure :** Register of Members and share transfer books of the Company will remain closed from **23rd day of September, 2026 to 29th September, 2026 (Both days inclusive)** for the purpose of Annual General Meting
**E- Voting :** In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, the members are provided with the facility to cast their vote electronically from a place other than the venue of the AGM on all resolutions set forth in the Notice.
The voting period begins on 26th September, 2026 (9.00 A.M.) and ends on 28th September, 2026 (05.00 P.M.). During this period shareholders of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 22nd September, 2026 may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter
The result of e- voting shall be announced on or after AGM of the Company. The results declared along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the Company's website: **www.beryldrugs.com**
The Annual Report along with the Notice of the AGM is available on the website of the Company at **www.beryldrugs.com**
Place : Indore
Date : 03/09/2026
For & on behalf of the Board
**BERYL DRUGS LTD.**
Sd/-
**Sanjay Sethi** (Managing Director)
DIN : 00090277
C/o/n/v/e/y-Ad

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**
D.P. Jewellers — A BOND OF TRUST SINCE 1940 — A VENTURE OF D. P. ABHUSHAN LTD.
**CIN: L74999MP2017PLC043234**
**Registered Office:** 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)-457001
**Corporate Office:** दूसरी मंजिल, 1, द्वारकापुरी, गोपाल गौशाला कॉलोनी, रतलाम (म.प्र.)-457001
**दूरभाष क्रमांक:** +91-7412-247122, **ई-मेल: cs@dpjewellers.com**
**वेबसाइट: www.dpjewellers.com**

**कंपनी के नौवीं वार्षिक सामान्य सभा की नोटिस दिनांक, कट-ऑफ तिथि और ई-वोटिंग का नोटिस**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि **डी. पी. आभूषण लिमिटेड** के सदस्यों की **नौवीं (9वीं) वार्षिक सामान्य सभा (AGM) शुक्रवार, 25 सितंबर, 2026 को शाम 04:00 बजे (भारतीय मानक समय)** पर, होटल बालाजी, सेंट्रल सैलाना रोड, अमृत गार्डन के पास, जीटीबी एकेडमी स्कूल के सामने, बर्बाद मंदिर, रतलाम - 457 001, मध्य प्रदेश में होगी। इस बैठक में 9वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए साधारण और विशेष व्यवसायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।
उपरोक्त **AGM** के संदर्भ में, 9वीं वार्षिक सामान्य सभा की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है, जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (**MCA**) द्वारा जारी सर्कुलर और **SEBI** परिपत्र संख्या दिनांक 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र दिनांक 15 जनवरी, 2021 और SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 के अनुसार पंजीकृत हैं। सदस्य कृपया ध्यान दें कि सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 को कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com; नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com; बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी अपलोड किया गया है।
एमसीए सर्कुलर के आलोक में, जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते जमा नहीं किए हैं और इस कारण उन्हें 9वीं वार्षिक सामान्य सभा की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 प्रदान नहीं की गयी है, उनसे निवेदन है की उनके पास इक्विटी शेयर डीमैट रूप में हों या भौतिक रूप में, नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अस्थायी रूप से अपने ईमेल पते पंजीकृत करा सकते हैं:
1. भौतिक (physical) रूप में शेयर धारकों के लिए: कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी) मेल द्वारा cs@dpjewellers.com पर प्रदान करें।
2. डीमैट (demat) रूप में शेयर धारकों के लिए: कृपया DPID-CLID (16-अंकीय DPID + CLID या 16-अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर (CML) या समेकित खाता विवरण की कॉपी, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई कॉपी) मेल द्वारा cs@dpjewellers.com पर प्रदान करें।
3. वैकल्पिक रूप से, सदस्य यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.com उपरोक्त बिंदु (1) या (2) में बताए गए विवरणों को भेज कर,यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

ईमेल पता सफलतापूर्वक पंजीकृत होने के बाद, शेयरधारक को 9वीं वार्षिक सामान्य सभा की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 की सॉफ्ट कॉपी और ई-वोटिंग के लिए यूजर-आईडी और पासवर्ड के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया प्राप्त होगी, जिससे वे 9वीं सामान्य सभा के लिए ई-वोटिंग कर सकेंगे। किसी भी प्रश्न के लिए, शेयरधारक कंपनी को cs@dpjewellers.com पर मेल कर सकते हैं। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने डीमैट खातों में आवश्यक दस्तावेज जमा करके अपने बैंक विवरण और ईमेल आईडी को अपडेट/पंजीकृत कराएं, यदि उनके पास शेयर डीमैटीरियलाइज्ड रूप में हैं।
चूंकि कंपनी में कोई भी भौतिक शेयरधारक नहीं है, इसलिए कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर पुस्तकें बंद नहीं हैं। केवल वे सदस्य जिनके नाम शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 ('कट-ऑफ तिथि') को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे ही रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ वार्षिक सामान्य सभा में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों (संशोधित) और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 (संशोधित) और उपरोक्त एमसीए सर्कुलर के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को सामान्य सभा बैठक में लेन-देन किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इस उद्देश्य के लिए, कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए एनएसडीएल के साथ एक अनुबंध किया है। रिमोट ई-वोटिंग और वार्षिक आम बैठक में मतदान के माध्यम से सदस्यों द्वारा पारित संकल्प (संकल्पों) को ऐसा माना जाएगा जैसे कि वे सामान्य सभा बैठक में पारित हो गए हों।
रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 22 सितंबर, 2026 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और गुरुवार, 24 सितंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि पर शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से (रिमोट ई-वोटिंग) अपना वोट डाल सकते हैं। सदस्य ध्यान दें कि: क) उपरोक्त तिथि और समय के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा, और एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, उसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं होगी; और ख) जिन सदस्यों ने 9वीं वार्षिक सामान्य सभा से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे 9वीं सामान्य सभा बैठक में भी भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया 9वीं वार्षिक सामान्य सभा की सूचना में दी गई है।
कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर खरीदता है और एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.com या cs@dpjewellers.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि आप पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, तो आप अपना वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। यदि आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं, तो आप www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Forgot Password" विकल्प का उपयोग करके अपना पासवर्ड रीसेट कर सकते हैं। सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर 9 दिसंबर, 2020 के सेबी सर्कुलर के अनुसार, डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास रखे गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को अपने डीमैट खाते में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सही ढंग से अपडेट करना आवश्यक है।
ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं, या टोल फ्री नंबर: 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं, या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं। सदस्य किसी भी आगे की जानकारी के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में कंपनी सचिव, सुश्री आतिका जैन से भी संपर्क कर सकते हैं या cs@dpjewellers.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या 07412-490 966/247122 पर कॉल कर सकते हैं।
**डी.पी. आभूषण लिमिटेड**
-एस डी-
**अतिका जैन**
**कंपनी सचिव**
**स्थान:** रतलाम
**दिनांक:** 03 सितंबर, 2026